संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 102 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर दिल्ली में एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, एनएसए अजीत डोभाल मौजूद रहे।

# मिट्टी में मिला दिया...

## अतीक के बेटे असद का झांसी में एनकाउंटर, शूटर गुलाम भी ढेर, पुलिस काफिले पर हमला कर गैंगस्टर अतीक को छुड़ाने का प्लान थाः एडीजी

### वादे पर खरे उतरे सीएम

= बेटे के एनकाउंटर की खबर सुनकर वो रोने लगा। गला सूखा तो पानी मांगा और सिर पकड़कर बैठ गया



**टीम एक्शन इंडिया/ प्रयागराज/ झांसी**
**गैंगस्टर** अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम मोहम्मद को यूपी पुलिस ने गुरुवार को मार गिराया। दोनों उमेश पाल मर्डर केस में वांटेड थे। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम था। पुलिस के मुताबिक, इनके पास विदेशी हथियार भी मिले हैं। एनकाउंटर झांसी में पारीछा डैम के पास एसटीएफ ने किया। प्रशांत कुमार एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने बताया- इनपुट थे कि रास्ते में काफिले पर हमला करके अतीक को छुड़ाने की प्लानिंग की जा रही है। इसे देखते हुए स्पेशल फोर्सेस लगाई गई थीं। एसटीएफ की कार्रवाई के दौरान अतीक की प्रयागराज कोर्ट में पेशी चल रही थी। बेटे के एनकाउंटर की खबर सुनकर वो रोने लगा। गला सूखा तो पानी मांगा और सिर पकड़कर बैठ गया। 24 फरवरी को उमेश पाल के मर्डर के बाद से ही असद और गुलाम मोहम्मद फरार थे। एसटीएफ 48 दिन से लगातार इन्हें ट्रेस कर रही थी और झांसी में इनकी लोकेशन मिलने पर मार गिराया। एनकाउंटर को डिप्टी एसपी नवेंदु और डिप्टी एसपी विमल ने लीड किया। एसटीएफ के एडीजी अनंत देव तिवारी ने कहा-असद और गुलाम को हमारी टीम ने मार गिराया है। इनके पास से पिस्टल, रिवॉल्वर और विदेशी हथियार बरामद हुए हैं।अमिताभ यश (एडीजी यूपी एसटीएफ) ने कहा कि हमें जानकारी थी कि इनके पास विदेशी हथियार हैं। हम तैयार थे। जिस तरह इस गैंग ने उमेश पाल और उनके दोनों गनर्स को मारा था, इन आरोपियों को पकड़ना आसान नहीं था। दोनों के पास ब्रिटिश बुलडॉग रिवॉल्वर और वाल्थर पिस्टल मिली है। ये हथियार रेयर हैं।

### अतीक-अशरफ को 4 दिन की पुलिस रिमांड

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**उमेश** पाल मर्डर केस में आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अतीक और अशरफ 14 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पुलिस की रिमांड पर रहेंगे। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। पेशी के दौरान जब अतीक को असद के एनकाउंटर की खबर मिली तो कोर्ट में ही फूट-फूटकर रोने लगा। अतीक वहीं जमीन पर बैठ गया। कुछ देर बाद उसने पीने के लिए पानी मांगा। वहीं कोर्ट परिसर में 'अतीक अहमद मुर्दाबाद, उमेश पाल अमर रहें' के नारे लगे। साथ ही, योगी-मोदी जिंदाबाद के भी नारे लगाए गए। वकीलों के गुस्से को देखते हुए अतीक और अशरफ को सुरक्षा के बीच सुरक्षित निकाला गया। पुलिस दोनों को एक ही प्रिजन वैन में बैठाकर नैनी सेंट्रल जेल ले गई।

### सरकार माफियाओं को खत्म करने प्रतिबद्धः एडीजी

**प्रशांत कुमार** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि सरकार की अपराध और अपराधियों, माफियाओं को खत्म करने की जो प्रतिबद्धता है, वो आप जानते हैं। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। 12.30 से 1.00 बजे के बीच सूचना के आधार पर कुछ लोगों को रोका गया तो दोनों तरफ से गोलियां चलीं। उस ऑपरेशन में एसटीएफ ने असद और गुलाम पर फायरिंग की। ये घायल हुए और बाद में दम तोड़ दिया।

### अतीक ने पत्नी से कहा था- बेटे ने शेरों वाला काम किया है

**उमेश** पाल मर्डर में असद का नाम और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद शाइस्ता ने अतीक अहमद से नाराजगी जाहिर की थी। रोते हुए कहा था कि असद अभी बच्चा है। उसे इस मामले में नहीं लाना चाहिए था। यह सुनने के बाद माफिया डॉन अतीक अहमद नाराज हो गया था। डांटकर उसने शाइस्ता परवीन से कहा था कि असद शेर का बच्चा है। उसने शेरों वाला काम किया है। आज उसकी वजह से ही मैं 18 साल बाद चैन की नींद सोया हूं। उमेश के चलते मेरी नींद हराम हो गई थी। अब तुम बेवजह बात करके मेरा मूड न खराब करो। सब मैनेज हो जाएगा।

## बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में रेड अलर्ट, 2 संदिग्धों की तलाश



**बठिंडाः** पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में सेना के 4 जवानों को गोलियां मारने वाले 2 संदिग्ध हमलावरों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उनका सुराग लगाने के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दूसरी तरफ घटना के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद मिलिट्री एरिया में रेड अलर्ट जारी है। मिलिट्री एरिया के स्कूल आज भी बंद कर दिए गए हैं। इस बीच गुरुवार सुबह मिलिट्री स्टेशन के अंदर एक और सैनिक की गोली लगने से मौत हो गई। बुधवार रात को यूनिट के ऑफिस के नजदीक यह वाकया हुआ। जांच में पता चला कि संतरी की ड्यूटी पर तैनात गुर तेजस लहुराज के सिर में गोली लगी है। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। मिलिट्री पुलिस जांच कर रही है कि सैनिक ने खुदकुशी की है, किसी ने उसे गोली मारी या फिर यह हादसा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, इसका फायरिंग से कोई रिलेशन नहीं है। देर रात चारों जवानों का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। उनके सीने गोलियों से छलनी थे। आज जवानों के शवों को उनके गांव भेज दिया जाएगा। इस बीच, देर रात तक मिलिट्री और पुलिस के उच्चाधिकारियों की बैठक भी जारी रही।

## सुप्रीम कोर्ट का ललित मोदी को निर्देश, बिना शर्त माफी मांगो



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पोस्ट में न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए ललित मोदी को फटकार लगाई। कोर्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी को बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया है। एम. आर. शाह और जस्टिस सी. टी. रविकुमार की पीठ ने कहा कि यह देखते हुए कि ललित मोदी कानून और संस्था से ऊपर नहीं हैं, कोर्ट उनके ओर से दायर जवाबी हलफनामे से संतुष्ट नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी को सोशल मीडिया और प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में भी माफी मांगने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने उन्हें माफी मांगने से पहले एक हलफनामा दायर करने का भी निर्देश दिया और कहा कि भविष्य में ऐसी कोई पोस्ट न की जाए जो भारतीय न्यायपालिका की छवि को धूमिल करे।

## ओडिशा में हनुमान जयंती की बाइक रैली में हिंसा



**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
**ओडिशा** के संबलपुर में हनुमान जयंती से दो दिन पहले एक बाइक रैली में हिंसा भड़क गई। उपद्रव में एक गुमटी और कई दोपहिया वाहनों में आग लगा दी गई। कई कारों में तोड़फोड़ भी की गई। पथराव और आगजनी में एक महिला पुलिसकर्मी समेत 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। रैली में एक हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे। हिंसा को लेकर प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू कर दी है। इंटरनेट सर्विस को बंद कर दिया गया है। संबलपुर के एसपी बी गंगाधर ने जानकारी दी कि जांच के बाद मामला दर्ज कर 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ओडिशा में हनुमान जयंती महा विशुवा संक्रांति पर मनाई जाती है जो इस साल 14 अप्रैल को पड़ रही है।

## सावरकर के पोते ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया



**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विनायक दामोदर सावरकर के पोते सात्यिकी सावरकर ने पुणे में आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया है। सावरकर के पोते सात्यिकी सावरकर ने कहा कि बस अब बहुत हो गया। राहुल गांधी पिछले महीने लंदन गए थे। वहां उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि वीर सावरकर ने अपनी एक किताब में लिखा है कि उन्होंने अपने 5-6 दोस्तों के साथ एक मुसलमान को पीटा और उस झगड़े का लुत्फ उठाया। यह सावरकर का अपमान है। सात्यिकी ने कहा कि राहुल गांधी ने लंदन में भारतीय प्रवासी के साथ बातचीत के दौरान सावरकर का विषय उठाया था। राहुल गांधी ने इस घटना के बारे में बोलते हुए पूछा था कि क्या यह कायराना हरकत नहीं है।

## अमृतपाल राजस्थान में छिपा है!

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे का मुखी खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह राजस्थान में छिपा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हनुमानगढ़ जिले में संगरिया इलाके के एक गांव में उसके छिपे होने की जानकारी मिली है। यह इनपुट मिलते ही राजस्थान पुलिस ने हनुमानगढ़ और उससे सटे चार अन्य जिलों- श्रीगंगानगर, जैसलमेर, बीकानेर और बाड़मेर में सर्चिंग शुरू कर दी है। अमृतपाल 27 दिन से पंजाब पुलिस को चकमा दे रहा है। पंजाब पुलिस की टीमें भी राजस्थान पहुंची हैं। पुलिस अधिकारी अभी इसकी अधिक जानकारी नहीं दे रहे हैं। उमेश मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में एक ब्रीफिंग के दौरान सिर्फ इतना ही कहा कि हम कामयाबी के करीब हैं। पपलप्रीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद से ही अमृतपाल के श्री हरमंदिर साहिब, श्री दमदमा साहिब या श्री आनंदपुर साहिब में सरेंडर करने की चचाएं चल रही हैं। इसके बाद से ही तीनों तख्तों पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है।



**अमृतपाल के मददगार गिरफ्तारः** पंजाब पुलिस ने होशियारपुर में अमृतपाल सिंह की मदद करने वाले दो भाइयों को अरेस्ट किया है। यह दोनों भाई राजपुरा भैणिया के रहने वाले हैं।

## पीएम ने 71 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार की रोजगार मेला स्कीम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 71 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर जारी किए। अलग-अलग राज्यों से जुड़े इन सभी युवाओं को केंद्र सरकार के विभागों में नौकरी दी गई है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने कहा कि मैं अपने आप को हमेशा एक विद्यार्थी मानता रहा हूं। मैं कभी ये नहीं सोचता कि मुझे सब कुछ आता है और अब कुछ सीखने की जरूरत नहीं है।



आप भी कभी ऐसा मत सोचना कि आप सब कुछ सीख गए हैं। सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना।

**कोरोना ने कई देशों की अर्थव्यवस्था को गिराया, पर हम मजबूत खड़े रहेः** आज भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पूरी दुनिया कोविड के बाद मंदी से जूझ रही है, ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। बावजूद इसके दुनिया भारत को एक चमकते बिंदु की तरह देख रही है।

### नियुक्ति पत्र

= अलग-अलग राज्यों से जुड़े इन सभी युवाओं को केंद्र सरकार के विभागों में नौकरी दी गई है

## बीबीसी इंडिया पर फॉरेन एक्सचेंज नियमों के उल्लंघन का केस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन** निदेशालय यानी ईडी ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (बीबीसी) इंडिया के खिलाफ फॉरेन एक्सचेंज के नियमों के उल्लंघन के मामले में केस दर्ज किया है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट यानी एफसीआरए के तहत यह केस दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईडी बीबीसी के फॉरेन रेमिटेंसेस की जांच कर रही है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट भी देने के लिए कहा है।

**बीजेपी निशाने पर** आज बस्तर एक ब्रांड बन गया है, देश में ही नहीं विदेश में भी यहां के उत्पादों का उपयोग हो रहा है

## 'भाजपा ने आपको निर्भर बनाया, आत्मनिर्भर नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**कांग्रेस की** राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी बस्तर पहुंचकर सबसे पहले मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सभा स्थल पर पहुंची। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेरे परिवार का बस्तर से विशेष लगाव रहा है। मैं यहां पहली बार आई हूं, लेकिन मैं बचपन से बस्तर के बारे में, यहां के लोगों के संघर्ष के बारे में सुनती आई हूं। प्रियंका ने अपने संबोधन की शुरूआत गोंडी में लोगों का अभिवादन करते हुई की। उन्होंने कहा कि आज बस्तर एक ब्रांड बन गया है। देश में ही नहीं विदेश में भी यहां के उत्पादों का उपयोग हो रहा है। मेरी दादी कहती थीं कि सबसे अच्छी संस्कृति आदिवासी होती है, क्योंकि आप लोग बिना प्रकृति का नुकसान किए जीवनयापन करते हैं। प्रियंका ने कहा कि बस्तर की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। जब हम कमाती हैं तो हमारे में आत्मविश्वास आता है कि हम भी परिवार में कुछ कमाकर लाई हैं। भारतीय जनता पार्टी की 15 साल की सरकार ने बस्तर के लोगों को सरकार पर निर्भर बनाया। आत्मनिर्भर नहीं बनाया। कांग्रेस सरकार ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। कांग्रेस की सरकार ने 65 वनोपज के लिए एमएसपी दे रही है। 5 लाख लोगों को वनअधिकार पट्टे दिए। धान की सबसे ज्यादा एमएसपी 2660 रुपए यहां मिल रही है। जब भाजपा की सरकार थी तो सिर्फ शोषण था। गौमाता सड़कों पर घूमती थीं। सरकार आई तो खेतों को चरने वाली गौमाताओं के लिए गौठान बनाई। अब यह मॉडल पूरे विश्व में चर्चित है। मैं यूपी में बताती हूं कि देखिए छत्तीसगढ़ में इसकी कितनी अच्छी योजना बनाई। भाजपा भ्रष्टाचार आपने 15 साल भुगता है।






# सुंदर सिंह ठाकुर ने अस्पताल कुल्लू के मुख्य द्वार पर दवाइयों की दुकानों का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मुख्य संसदीय सचिव वन, पर्यटन, ऊर्जा व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के मुख्य द्वार के पास सस्ती व मुफ्त दवाइयों की तीन दुकानों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले यह तीनों दुकाने अस्पताल भवन के भीतर चल रही थी जिससे की सामान्य जनता को इन से मिल रही सुविधाओं का लाभ उठाने में परेशानी आती थी। बहुत से लोगों को दवाइयों की इन दुकानों का पता ही नहीं लग पाता था। अब इन तीनों दुकानों को अस्पताल के मुख्य द्वार पर स्थापित किया गया है जिनमें से पहली दुकान मुफ्त दवाइयों की है जिसमें कि सभी आवश्यक दवाइयां जनता को मुफ्त उपलब्ध करवाई जाती हैं इसमें 402 आवश्यक दवाएं तथा 77 उपभोज्य वस्तुएं जैसे रुई इत्यादि



मुफ्त में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। दूसरी दुकान जनऔषधि स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा उपलब्ध की जाने वाली सस्ती व जेनेरिक दवाइयों की दुकान है तथा तीसरी दुकान नागरिक आपूर्ति के माध्यम से सब्सिडी पर उपलब्ध करवाने जाने वाली दवाइयों की है। उन्होंने कहा कि इन तीनों दुकानों के मुख्य द्वार पर स्थापित होने से आम जनता को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी क्योंकि कोई भी दवाई अगर एक दुकान में उपलब्ध नहीं होती है तो तीनों में से किसी एक दुकान पर अवश्य उपलब्ध होगी।उन्होंने कहा की चिकित्सकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भी मरीजों को जेनरिक दवाएं ही लिखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हैं उपलब्ध करवाने के ने तत्परता से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों का कोई भी पद रिक्त नहीं है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज तथा विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## निजी बस ऑपरेटरों ने जाम किया आईएसबीटी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना आईएसबीटी प्रबंधन और प्राइवेट बस ऑपरेटर्स के बीच चल रहा विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। वीरवार को प्राइवेट बस ऑपरेटर्स ने आईएसबीटी के दोनों निकासी द्वार पर बसें खड़ी करते हुए सांकेतिक जाम कर डाला। प्राइवेट बस ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष राम किशन व उपाध्यक्ष पंकज दत्ता की अगुवाई में बस ऑपरेटर्स ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई।

प्राइवेट बस ऑपरेटर्स का आरोप है कि आईएसबीटी परिसर में एचआरटीसी की बसें कई घंटे तक बिना किसी काम के खड़ी रहती है जिसके चलते प्राइवेट बस ऑपरेटर्स के टाइम टेबल फेल हो रहे हैं।

## पांवटा साहिब में हर्षोल्लास से मनाया बैसाखी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

14 अप्रैल, 2023 दिन शुक्रवार भोग श्री अखण्ड पाठ साहिब, निशान साहिब झुलाने की सेवाएं अंमृत संचार दरबार श्री पांवटा साहिब में प्रातः 11 बजे होगा। इस मौके पर कथा वाचक भाई बूटा सिंह जी एवं विद्वान सज्जन, ढाडी जत्था भाई परमजीत सिंह कुराली वाले विषेश तौर पर संगत के साथ पंहुच रहे हैं। इस दौरान गुरू के लंगर अतुट बरतेंगे। प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक खुले दीवान सजेंगे। गुरू जी के लंगर अटूट बरतेंगे। बैसाखी के इस शुभ अवसर पर रागी सिंह, भाई जगजीत सिंह नूर हजूरी रागी दरबार साहिब श्री अंमृतसर साहिब,बीबी रविन्द्र कौर पटियाले वाले प्रातः 10बजे कीर्तन में भाग लेंगे। प्रबंधन ने बताया कि गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी श्री पांवटा साहिब एवं संगतों के सहयोग के साथ सन्त बाबा



कशमीर सिंह एवं सन्त बाबा सुखविन्द्र सिंह भूरी वालों की और से 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को पहली मंजिल के लैन्टर की सेवा की जायेगी। जिसमे संगत तन मन एवं धन के साथ सेवा करके जीवन सफल कर सकते हैं। इस दौरान प्रभंधक कमेटी के मनैजर जागीर सिंह ने बताया कि बैसाखी को लेकर गुरुद्वारा प्रभंधक कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है संगतो के रहने के लीय सभी इंतजाम पुरे है। इस दौरान 24 घंटे गुरु का लंगर संगतो को दिया जाएगा।

## विधायक आशीष शर्मा ने बरोहा गांव में वाटर ओवरहेड टैंक का किया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**



विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने वीरवार को बरोहा गांव में वाटर ओवरहेड टैंक का भूमि पूजन किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि यहां चालीस हजार लीटर क्षमता वाला दस मीटर ऊंचा ओवरहेड पानी का टैंक बनाया जाएगा। इस टैंक के निर्माण पर ग्यारह लाख रूपए खर्च किए जाएंगे। इस टैंक के बनने से तीन गांव बरोहाए सियानी और इंडस्ट्रियल एरिया के बाशिंदों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि तीन माह में यह टैंक जनता को समर्पित किया जाएगा। इससे पहले स्थानीय ग्रामीणों व विभागीय अधिकारियों ने विधायक का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर टैंक निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की जनता को गर्मियों के मौसम में पानी की किल्लत नहीं आने दी जाएगी। जहां पर पानी की समस्या है, वहां पर टैंकरों के माध्यम से सप्लाई के जाएगी और समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों को भी पानी की समस्या के हल के उचित निर्देश दिए गए हैं और एक सप्ताह के भीतर अधिकारियों से बैठक आयोजित कर गर्मियों में पानी की उचित सप्लाई के लिए दिशानिर्देश दिए जाएंगे। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता रमन शर्मा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### जंगलों को आग लगाई तो होगा जुर्माना : बसु

## फायर सीजन से निपटने के लिए वन विभाग मंडी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

वन मंडला अधिकारी वासुदेव डोगर ने बुधवार को बताया कि ायर सीजन से निपटने के लिए वन विभाग मंडी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर वन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है और अधिकारियों को भी निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया है कि आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए आगे आएं उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में आगजनी की घटना सबसे ज्यादा होती है और इसको लेकर लोगों को तुरंत इसकी सूचना वन विभाग तथा दमकल विभाग को देनी चाहिए ताकि कोई बड़ा नुकसान होने से बचायाजा सके । उन्होने कहा कि इसको लेकर वन विभाग द्वारा जिला में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है जिसमें लोगों को जंगलों में होने वाली आगजनी की घटना के प्रति जागरूक किया गया। उन्होने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति जंगलों में आग लगाता हुआ पाया गया तो सक्त कार्रवाही अमल में लाई जाएगी तथा यदि कोई व्यक्ति रंगे हाथों आग लगाता पकड़ा जाता है तो उस पर 50,000 का जुर्माना लगाया जाएगा।

## हिमाचल दिवस पर हमीरपुर में धनी राम शांडिल फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**8 उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

76वां हिमाचल दिवस 15 अप्रैल को हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य पर ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान में आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय समारोह में स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता,



श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल सुबह 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा भव्य परेड की सलामी लेंगे। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह के दौरान भव्य परेड के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।उपायुक्त ने बताया कि प्रवास कार्यक्रम के अनुसार स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता,श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल 14 अप्रैल दोपहर को ही हमीरपुर पहुंच जाएंगे। वह दोपहर बाद डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का दौरा करेंगे तथा सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

## छठें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलने से पैंशनर्स खफा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

छठे वेतन आयोग का एरियर न मिलने से राज्य के पैंशनर्स सरकार से खफा है। बता दें कि पहली जनवरी 2016 के उपरांत रिटायर हुए उम्रदराज कर्मचारियों को अभी तक संशोधित कम्यूटेशन और ग्रेज्यूटी भी नहीं मिल पाई है। पैंशनर्स का कहना है कि जो कर्मचारी पहली जनवरी 2016 से 2021 तक रिटायर हुए है उन्हें लीव एंड कैशमेंट का लाभ भी नहीं पाया है जबकि 2022 में रिटायर हुए कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग के नए वेतनमान के अनुरूप बढ़ी हुई ग्रेज्युटी और लीव एंड कैशमेंट का लाभ मिलेगा। सभी रिटायर कर्मचारियों को एक समान लाभ देने की मांग की गई है। पैंशनर्स का कहना है कि आगामी वित के बजट में कर्मचारियों के एरियर बारे कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है जोकि कर्मचारी वर्ग के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। बता दें कि पिछली भाजपा सरकार ने खजाना खाली के नाम पर छठें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप संशोधित पैशनरों की डीसीआरजी और कम्यूटेशन रोक दी गई थी। जिससे पैंशनर्स ने दुःखी होकर कांग्रेस को पूर्ण समर्थन दिया गया। पैंशनर्स को उमीद थी कि नए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू उनकी जायज मांग पर सहानुभूति विचार करेगें परंतु ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला है। पहली जनवरी 2016 के उपरांत रिटायर हुए कर्मचारी प्रेम चंद कश्यप, कांता कश्यप, हरि सिंह थापा, रमेश कुमार, अमीचंद, राकेश, सलोचना देवी सहित अनेक पैंशनर्स ने बताया कि पैंशनर्स की देनदारियां रोकना तर्कसंगत नहीं है क्योंकि रिटायर कर्मचारी अपने जीवन के चौथे पड़ाव पर पहूंच चुके हैं। रिटायर कर्मचारियों द्वारा बीते कई वर्षों से उमीदें संजोए रखी है कि संशोधित ग्रेच्युटी और कोमोटेशन मिलने से वह अपने जीवन यापन के लिए कोई कारोबार आरंभ करने का विचार किया है। कुछ रिटायर कर्मचारियों ने अपने बच्चों पढ़ाई, टेऊ निग अथवा शादी करवाने की योजना बनाई थी जोकि संशोधित ग्रेच्युटी और कम्यूटेशन न मिलने से उनकी उमीदों पर पानी फि र गया था। सेवानिवृत आईएफ एस अधिकारी डॉ. कुलदीप तंवर ने बताया कि 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के उम्रदराज रिटायर कर्मचारियों को पूर्व भाजपा सरकार ने विशेष तौर पर 5 से 15 प्रतिशत पैंशन में लाभ देने का ऐलान किया गया था परंतु वह भी फाईलों में दफन होकर रह गया है। इनका कहना है कि अनेक पैशनर्स के मामले एक वर्ष से महालेखाकार शिमला में लंबित पड़े हैं।

## राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने की तेज कवायद

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के काजा उप मंडल के मुख्यालय में स्पीति नदी के किनारे स्थित मेला ग्राउंड में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह ठाकुर के स्पीति के तीन दिवसीय दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय प्रशासन भी तैयारियों को लेकर जुट गया है। अतिरिक्त उपायुक्त काजा अभिषेक वर्मा ने समारोह की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि तीन दिवसीय दौरे के दौरान 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री सगनम हेलीपैड पर 12:15 पर पहुंचेंगे और सगनम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक वेशभूषा



में सुसज्जित होकर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत 12 बज कर 45 मिनट् पर मुख्यमंत्री का काफि ला कूंगरी गोम्पा में पहुंचेगा और मुख्यमंत्री विशेष पूजा-अर्चना करने के उपरांत उपरांत स्थानीय लोगों को संबोधित करेंगे। कुंगरी गोम्पा में दोपहर भोजन के उपरांत डंखर गांव में पुराने गोम्पा में भी दर्शन व पूजा अर्चना के लिए जाएंगे और लोगों को भी संबोधित करेंगे।शाम 5 बजे के करीब नये परिधि गृह काजा में पहुंचेंगे और काजा पंचायत निवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और वे लोगों से भी मिलेंगे। रात्रि ठहराव भी नये परिधि गृह काजा में ही रहेगा। 15 अप्रैल को प्रातः 10 बजे काजा मोनेस्ट्री में भी पूजा अर्चना के लिए भी जाएंगे इसके उपरांत मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस के कार्यक्रम में प्रातः 10:50 पर मेला ग्राउंड काजा में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 11 बजे ध्वजारोहण कर, हिमाचल प्रदेश पुलिस आर्म्ड फोर्स के पुरुष व महिला दल, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस फ ॉक्स कंपनी, हिमाचल प्रदेश यातायात पुलिस, हिमाचल होमगार्ड के जवान तथा जवाहर नवोदय विद्यालय काजा के विद्यार्थियों की एनसीसी व स्काउट एंड गाइड की टुकड़ी भी मार्च पास्ट में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री के प्रदेशवासियों के संबोधन के बाद हिमाचल गौरव से भी उत्कृष्ट कार्य करने वालों विभूतियों को मुख्यमंत्री जी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। स्पीति के छाम नृत्य की प्रस्तुति से प्रदेश के अन्य जिलों की सांस्कृतिक दल रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।जिला के स्थानीय कर्मचारियों को भी असाधारण कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण भी किया जाएगा और जागरूकता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा।

## कालाअंब रोड सेफ्टी क्लब की बनी नई कार्यकारिणी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में सडक सुरक्षा को लेकर रोड सेफ्टी क्लब अक्षर महत्वपूर्ण भूमिका में रहा है। वहीं सरकार बदलने के साथ कालाअंब क्षेत्र का रोड सेफ्टी क्लब भी अब नए कलेवर में आ गया है।कालाअंब रोड सेफ्टी क्लब की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है।

जिसमें क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोमनाथ भाटिया को अध्यक्ष तो जगमाल सिंह को



उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।सोमनाथ भाटिया के द्वारा अपनी कार्यकारिणी में नवीन कुमार, जगदीश चंद्र, अमरनाथ, राजेश, मजीद अली, ऋ षि पाल सुखबीर, बलदेव, सुभाष चौधरी, अंशुल तथा रवि कुमार को सक्रिय कार्यकर्ता बनाया गया है।सोमनाथ ने बताया कि उन्हें रोड सेफ्टी क्लब का लायन की जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसे वे बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में अक्सर सडक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में यातायात के नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि काला अंब पुलिस और रोड सेफ्टी क्लब में बेहतर सामंजस्य बनाते हुए क्षेत्र की यातायात और ट्रैफिक व्यवस्था को ढर्रे पर लाने का प्रयास किया जाएगा।यही नहीं इस औद्योगिक क्षेत्र में ट्रिपल राइडिंग और हेलमेट ना पहनने के रिवाज को सडक सुरक्षा के मद्देनजर हर हालत में लागू किया जाएगा।

## 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना' नारियों के जीवन यापन की दिशा में कारगर कदम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

प्रदेश सरकार महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में कई कारगर कदम उठा रही है ताकि महिलाएं समाज में सम्मानजनक जीवनयापन कर सकें। इसी कड़ी में राज्य सरकार शीघ्र ही 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजनाइ शुरू करने जा रही है जिसके तहत पात्र विधवाओं और एकल नारियों को आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार इस वित्त वर्ष के दौरान ऐसी लगभग 7000 महिलाओं को इस योजना के तहत डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए महिलाओं की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योजना को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है तथा इस योजना के तहत पात्र विधवाओं और एकल महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से ऐसी महिलाओं को संबल मिलेगा जो आर्थिक तंगी के कारण अपने आवास का निर्माण करवाने में असमर्थ है। इस योजना की मदद से ये महिलाएं अब अपना घर बनाने में सक्षम होंगी। इससे न केवल महिलाओं को रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध होगा अपितु इससे महिलाओं में स्वामित्व और सशक्तिकरण की भावना भी सुदृढ़ होगी।इसके अलावा, इस योजना के तहत निर्मित घरों में बिजलीए पानी और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। इस योजना के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि महिलाओं के पास अपने दैनिक जीवनचर्या के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना विधवाओं और एकल नारियों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें समाज में सम्मानित जीवन जीने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन कमजोर समूहों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के सरकार के प्रयासों से राज्य में समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार समाज के वंचित वर्गों के कल्याण पर विशेष ध्यान दे रही है। वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तुत बजट में इस दिशा में कई पहल की गई हैं। समाज के कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं जिसके परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे।

## अपनी बहादुरी के बल पर सैनिक से जनरल बने जोराबर सिंह : डीडी शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में इतिहास विभाग द्वारा जनरल जोरावर सिंह जयंती समारोह पर अमृत महोत्सव सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति आचार्य देव दत्त शर्मा ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बतौर अध्यक्ष आचार्य अनुपमा सिंह प्रति कुलपति व विशिष्ठ अतिथि डॉक्टर रूपेश्वरी शर्मा उपस्थित हुए। इस दौरान इतिहास विभाग के संयोजक राकेश शर्मा ने मुख्याथिति को शॉल टोपी और शॉल देकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य देव दत्त शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में राजपूत परिवार में 1786 में जन्मे जनरल जोरावर सिंह ने अपनी बहादुरी से सैनिक से जनरल बनने का सफ र पूरा किया। सेना में राशन के प्रभारी जोरावर सिंह अपनी योग्यता से रियासी के किलेदार और बाद में किश्तवाड़ के गवर्नर बने। उन्होंने बताया कि रियासी में जनरल का किला उनकी बहादुरी की याद दिलाता है और वर्ष 1821 में किश्तवाड़ का गवर्नर बनने वाले जनरल जोरावर सिंह ने वर्ष 1834 में किश्तवाड़ की सुरू नदी घाटी से होते हुए दुर्गम लद्दाख क्षेत्र में प्रवेश किया था। उन्होंने वर्ष 1840 तक उन्होंने लद्दाख, बाल्टिस्तान, तिब्बत पर डोगरा परचम लहरा दिया था। उन्होंने युवाओं से जनरल जोरावर के पद चिन्हों पर चलने के लिए आग्रह किया।

## राष्ट्रपति के शिमला दौरे को लेकर उपायुक्त ने लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित शिमला दौरे को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां 16 अप्रैल तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 18 अप्रैल को शिमला आ रही हैं और वह राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी तथा अपने प्रवास के दौरान वह राजभवन भी जाएँगी।

इसके अतिरिक्त,19 अप्रैल को राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगी।

## न्यूज फ्लैश

### रेलवे फाटक के पास मिला युवक का क्षत विक्षत शव

**मथुरा:** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव नीमगांव रेलवे फाटक के समीप अज्ञात युवक की ट्रेन के चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीण अपने खेतों की तरफ निकले तो देखा नीमगांव रेलवे फाटक के पास एक करीब 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा है जिसके शरीर में कई जगह चोट के निशान थे। साथ ही सिर का एक हिस्सा डैमेज था।वही युवक के शव की सूचना रेलवे स्टेशन को दी गयी।तो सूचना पाकर कमलेश मीणा नामक एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा जहां शव की शिनाख्त की गई।लेकिन शव की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई।वही इस बारे में रेलवे के कर्मचारी कमलेश मीणा ने बताया की गुरुवार की सुबह चार बजे आने वाली मालगाड़ी से टकराकर यह दुर्घटना हो सकती है।वही रेलवे के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि घटना को लेकर आला अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गयी है।साथ ही समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### घर के बाहर से किशोर हुआ लापता

**मथुरा।** थाना जैत के गांव तेहरा में घर के बाहर खेलते बच्चे के गायब हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि बीते 10 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे गांव तेहरा निवासी रामकिशन का दस वर्षीय बेटा गोपाल घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान अचानक बच्चा गायब हो गया। जब काफी समय तक बच्चा नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को इत्तिला दी। गोपाल के पिता रामकिशन के अनुसार घटना के बाद से ही उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आ रही है। संभवत उनके बेटे का अपहरण कर लिया है। पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर मादक पदार्थों की दुकानें रहेंगी बंद

**मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट पुलकित खरे ने बताया कि 14 अप्रैल को डा. भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर की थोक व फुटकर दुकानें, मॉडल शॉप्स, बार एवं भांग की दुकानें पूर्णतः बन्द रखी जाएंगी। इस बन्दी के दिन के लिए अनुज्ञापीगण को कोई प्रतिकर देय नहीं होगा।

### एमटीवी रोडीज 19-कर्म या कांड ऑन-ग्राउंड ऑडिशन के लिए राजधानी नई दिल्ली पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का पसंदीदा और सबसे बड़ा एडवेंचर रियलिटी शो एमटीवी रोडीज, कर्म या कांड की लड़ाई शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 19वें सीजन में, एडवेंचर और एड्रेनालाईन रश का पर्याय शो उन उत्साही लोगों की तलाश शुरू करता है, जिनमें कर्म या कांड की लड़ाई से ऊपर उठने की क्षमता है! मेजबान – सोनू सूद और गैंग लीडर्स – प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी और रिया चक्रवर्ती के साथ, जो दिलचस्प यात्रा के लिए अपने चुने हुए लोगों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आगे बढ़ेंगे, एमटीवी रोडीज ने 15 अप्रैल को नई दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ऑडिशन गेट खोले।

अगर आपको लगता है कि आपमें कर्म या कांड की लड़ाई के लिए खड़े होने की क्षमता है, तो इस रोलर कोस्टर राइड में शामिल हों

### विवेकानंद शाश्वत शिखर सम्मेलन 2023 में लाइफटाइम अचीवमेंट को सम्मान के साथ नवाचार को मिली मान्यता



**नई दिल्ली।** को विवेकानंद यूथ कनेक्ट के द्वारा विवेकानंद शाश्वत(सस्टेनेबलिटी) शिखर सम्मेलन 2023 के दूसरे संसकरण का आयोजन 12 अप्रैल को नई दिल्ली डॉक्टर अंबेदकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। इस सम्मेलन में माननीय श्री नितिन गडकरी (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार), श्री चिन्मयानंद सरस्वती, डॉ. लोकेश मुनि, और केंद्र सरकार और दुनिया भर के उद्योगों के उच्च पदस्थ अधिकारियों, सामाजिक संगठन और स्टार्ट-अप लॉन्च करने वाले उद्यमियों, विशेषज्ञों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को सतत विकास में योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस शिखर सम्मेलन में केन्द्रीय सड़क परिवरण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि ह्लविवेकानेद जी हमारे आइकॉन हैं। उन्होंने एक बार अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी जो कई मायमों में सच साबित होती नजर आ रही है। समग्र विकास के लिये हमें इथिक्स, इकॉनॉमी और इनवायरमेंट पर काम करना होगा। इथिक्स के लिये विवेकानंद जी हमारे आइकॉन हैं, जिनके सुझाए रास्ते पर हमें चलना होगा, वहीं हमारी इकॉनॉमी बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। हम अपने विभिन्न प्रयासों और पहलों से अपने निर्यात को बढ़ा रहे है, और आयात कम कर रहे हैं। गडकरी ने आगे कहा कि इकॉलॉजी और इनवायरमेंट के क्षेत्र में काम करते हुए हम वेस्ट टू वेल्थ के लिये कई परियोजनाएं लेकर आ रहे हैं, जिससे कचरे एवं पराली को समृद्धि में बदला जा सके।

# अच्छी हट: 'इन्हें तो जिद हैं कबाड़ बीनते हाथों में किताब थमाने की'

## एक बच्चे के कंधे पर कबाड़, दूसरे के कंधे पर किताब मजूर नहीं: सतीश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

जिद्दी होना ठीक नहीं माना जाता, लेकिन यह जिद अच्छी है। इन्हें जिद है कबाड़ बीनने वाले मासूम हाथों में किताब थमाने की। जिद ऐसी कि स्ट्रीट चिल्ड्रेन की जिंदगी में शिक्षा का उजियारा लाने के लिए अपने जीवन के कई सुनहरे अवसर भी जाया कर दिये। कान्हा की नगरी के तमाम चमकीले पहलुओं की ओट में कई ऐस स्याह सच भी हैं जिनकी ओर शायद ही किसी का



ध्यान जाता है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल के संस्थापक सतीश शर्मा का ध्यान इनमें से एक पहलू की ओर गया और उन्होंने पढ़ाई लिखाई शुरू करने की उम्र में किताब थामने की जगह कबाड़ बीनने वाले हाथों को थामने की ठान ली। इन बच्चों के लिए वर्ष 2008 में सतीश शर्मा ने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल की शुरूआत की और इसमें 25 बच्चों को शामिल किया। गुरुवार को जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल ने जब अपना 15 वां स्थापना दिवस मनाया तो स्ट्रीट स्कूल में ऐसे बच्चों की संख्या 300 पार थी जो कबाड़ बीनने का काम छोडकर किताब थामे हुए थे। स्ट्रीट स्कूल के संस्थापक सतीश चंद्र शर्मा कहते हैं कहा कि एक ही उम्र के दो बच्चों में एक के कंधों पर कबाड़ और दूसरे के कंधों पर किताब के थैले ने मुझे झकझोर कर रख दिया था। 12 अप्रैल 2008 में नवादा स्थिति झुग्गी झोपड़ियों से 25 बच्चों से शुरू हुआ। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा का अभियान आज तीन सेंटरों के माध्यम से लगभग 300 बच्चों को शिक्षा दे रहा है। जिन्हें जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केंद्रों पन्ना पोखर गोपाल नगर एवं लाजपत नगर सेंटर के माध्यम से जोड़ने का कार्य सामाजिक सहयोग एवं 15 वॉलंटर्स के साथ निःशुल्क रूप से किया जा रहा है। इन बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

जी टी रोड चोखी ढाणी के पीछे स्थित प्रयास इंटरनैशनल स्कूल के में बैसाखी पर्व का धूमधाम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया। मंच संचालन दीक्षा व पूर्णिमा ने किया। छात्र- छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी उपस्थिति का मन मोह लिया। विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने मंच पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। स्कूल के रजिस्ट्रार डा. मनोज,प्रधानाचार्य कृष्ण मलिक,मुख्याध्यापिका नीता लूथरा, वरिष्ठ समन्वयक डा. अभिलाषा ने बैसाखी के बारे में छात्रों को अवगत करवाया। विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में सहायक क्रियाकलापों के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## छात्राओं ने पंजाबी गिद्दा पर खूबसूरती के साथ अपनी प्रस्तुति दी




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में बैसाखी व डा. भीम राव अंबेडकर जयंती मनाई गई। जिसमें कक्षा आठवीं और नौवीं के छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। विशेष प्रार्थना सभा बुलाकर छात्रों ने बैसाखी ,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवन शैली से संबधित कविता, लघु नाटिका, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, भिन्न-भिन्न कहानियां सुनाई। बैसाखी के पर्व पर छात्र और छात्राओं ने पंजाबी गिद्दा और उनकी पोशाकों को धारण कर बेहद खूबसूरती के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने गडॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को पुष्पांजलि देते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर हमारे देश के संविधान के निर्माता है।

## बलदेव विधायक ने किया श्री मान सिंह बाबा इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन

**मथुरा।** देश के हर माता पिता चाहते हैं कि हमारा बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े अच्छे संस्कार मिले पढ़ लिखकर अच्छी नौकरी लगाए व अपने माता पिता व परिवार का नाम रोशन करें.देश में शिक्षा का अभाव देखते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति होती दिखाई देती है जहां पांच वी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे हिंदी की किताब भी नहीं पढ़ पाते हैं और आगे जाकर के उन्हें उच्च स्तर की पढ़ाई पढ़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा के अभाव को देखते हुए रिफाइनरी के निकट ग्राम थाना तेजा निवासी दीपचंद सिंह कुंतल ने बरारी ऑल वेरी रास्ते पर अपने क्षेत्र में शिक्षा में कमजोर रह रहे बच्चों की वजह से अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई बोर्ड से संबंधित श्री मान सिंह बाबा इंटरनेशनल स्कूल का एक से आठवीं कक्षा तक का निर्माण किया।

## पीयूष यादव को जेपीडीएवी स्कूल ने अपने छात्र को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने समूह गान, नृत्य, भाषण, कविता व भंगड़ा इत्यादि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा।

विद्यालय के छात्र अहीर माजरा गांव निवासी पीयूष यादव ने आईआईटी मैंस में 99.37 में प्राप्त कर गन्नौर खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने छात्र पीयूष व उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में



आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आगामी योजनाओं की घोषणा की। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रंगोत्सव संस्था द्वारा आयोजित रंगोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया और जिसके अंतर्गत सौरभ अमेजिंग यूथ आर्टिस्ट अवार्ड और तनु और रिधिक ने स्पेक्टाकुलर परफॉर्मेंस अवार्ड प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

# बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया गया स्ट्रीट चिल्ड्रन डे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

इंटरनेशनल स्ट्रीट चिल्ड्रन डे बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा ने अपना 15 वां स्थापना दिवस भी मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं गणेश वंदना से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार शर्मा मुन्ना ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2008 से लगातार झुग्गी झोपड़ियों में शिक्षा का अलख जगा कर सैकड़ों बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि पूर्व एआरटीओ ओम प्रकाश राजपूत,



गजेंद्र शर्मा एवं डॉ.अशोक अग्रवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा संचालित जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा परिवार द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले शिक्षा से वंचित सैकड़ों बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए समाज के सक्षम लोगों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की ताकि इन बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। संस्था के बच्चों की हर जरूरत पूरी हो इस लिए चरण पादुका अभियान निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर खिलौना बैंक डांस एवं जूडो कराटे आदि का प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण आदि की व्यवस्था भी जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी द्वारा की जाती है। अपने शिक्षक पिता कैलाश चंद्र रावत इनके प्रेरणा स्रोत है।

जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वूमेन सोसायटी का सपना शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय एवं स्कूल ऑन व्हील्स है ताकि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बच्चों के नाटक नृत्य एवं गीत संगीत के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर समाजसेवियों को ब्रज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों को पटुका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रमाण पत्र मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र के वालंटियर्स को निशुल्क सेवा प्रदान करने के तन्नू चौहान प्रीति राजपूत भारती राजपूत कुमकुम निशा सीमा शर्मा गौरी राजपूत रेखा विकास शर्मा पुष्पा देवी नरेंद्र कुमार कु झलक आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी में उद्घोषक विजता चतुर्वेदी द्वारा किया। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे एवं अतिथि गण उपस्थित रहे।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में वैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

डीएवी सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे वैसाखी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया कविद्यालय के जूनियर विंग मे इस पर्व का आरम्भ हवन द्वारा किया गया क तत्पश्चात नन्हे बच्चो द्वारा पंजाबी गानो पर सामूहिक नृत्य व एकल नृत्य प्रस्तुत किया क छात्रों द्वारा भंगड़ा व छात्राओं द्वारा गिद्दे की प्रस्तुति की गई ककक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने पंजाबी नृत्य एकल प्रतियोगिता मे भाग लिया व पंजाबी वेशभूषा मे बहुत सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किये कउनकी प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा ककक्षा तीसरी से हर्षाली, श्रीधा, यशिका, मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व चौथी कक्षा मे भार्गव, पर्वी, गीतांजलि व जसमीत प्रथम रही। विद्यालय के सीनियर विंग मे काशवी द्वारा वैसाखी पर्व पर भाषण दिया गया व नंदिता द्वारा कविता प्रस्तुत की गई कछात्रों द्वारा पंजाबी वेशभूषा मे भार्गव, गीतांजलि व अनन्या ने वैसाखी पर नृत्य प्रस्तुत किये। यह कार्यक्रम हैरिटेज क्लब द्वारा करवाया गया कजिनकी इंचार्ज श्रीमती पूनम बरेजा व श्रीमती हरजीत कौर है कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने नन्हे छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व छात्रों को वैसाखी के त्यौहार की बहुत-बहुत बधाइयां देते हुए वैसाखी पर्व का महत्व बताया कि हमारे देश के किसान जो हमारे लिए अन्न उगाते है उनके लिए आज के दिन का विशेष महत्व है कइस दिन फसलों की कटाई शुरू की जाती है।

## ई रिक्शा चालक के विरोध करने पर बदमाशों ने मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**धर्म नगरी वृंदावन** में बीती रात को परिक्रमा कर रही श्रद्धालु महिलाओं के साथ बाइक सवार युवकों द्वारा लूटपाट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इतना ही नहीं बेखौफ लुटेरों ने लूट का विरोध कर रहे ई रिक्शा चालक को गोली मार दी। जिसे गंभीर अवस्था में आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार इंदौर की रहने वाली समीक्षा विशानी अपनी साथी मंजू माहेश्वरी, शालिनी डोडिया और कजा माहेश्वरी रमणरेती स्थित एक गेस्ट हाउस में दो दिन से ठहरी हुई थी।बीती रात चारों महिलाएं ई रिक्शा से वृंदावन की परिक्रमा करने निकली। उसी दौरान चीरघाट से निधिवन मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों ने सुनसान इलाके का फायदा उठाकर ई रिक्शा को रोक लिया और तमंचे का भय दिखाकर पर्स छीना लिया।

## एमजेएफ के जन्मदिवस पर दिव्यांगजनों को दी व्हीलचेयर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

समाज सेवी संस्था लायंस क्लब गन्नौर गौरव ने वीरवार को क्लब के एमजेएफ लायंन हरीश वाधवा के जन्मदिवस के उपलक्ष में दो दिव्यांग जरूरतमंद बच्चों को व्हीलचेयर देने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए ठंडे पानी के लिए दो कैंपर व दो पंखे देकर लोगों के बीच जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर क्लब कि प्रधान शालू वाधवा ने बताया कि उनके क्लब का मुख्य उद्देश्य गरीब जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा करना है शालू वाधवा ने बताया कि आज वीरवार को क्लब के एमजेफ हरीश वाधवा के जन्मदिवस पर दो नन्हे दिव्यांग



बच्चों को व्हीलचेयर व आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए पानी के कैम्पर व छत के पंखे दिए गए है । उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी वह उनका क्लब गरीब लोगों के बीच में जाकर अपने सदस्यों का जन्मदिन मनाकर जरूरतमंदों की सहायता करता रहा है। शालू ने बताया कि पिछले दिनों लायन अंकित मल्होत्रा के जन्मदिवस पर सरकारी स्कूल में बच्चों के बीच जन्मदिन मनाकर उनको दोपहर का भोजन देने का काम किया था । उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी क्लब द्वारा 15 होनहार छात्राओं को साइकिल व जूते जुराब लेकर सर्दी के मौसम में सहायता करते रहे हैं। शालू वाधवा ने समाज के सम्पन्न लोगों का आह्वान किया कि वे भी अपनी कमाई का कुछ हिस्सा गरीबों जरूरतमंदों के बीच में जाकर उनकी सहायता के रूप में प्रदान करें, न की फाइव स्टार होटलों में लाखों रुपए खर्च करके जन्मदिन मनाने में व्यर्थ करें । इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन रुचिका बत्रा ,भावना जग्या,डिम्पल मल्होत्रा,ममता चांदना,अंकित मल्होत्रा व अनुराधा गौतम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# टैंकरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**सीआईए** टू टीम ने रिफाइनरी रोड पर टैंकरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के 4 आरोपियों को रंगे हाथों काबू करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है । आरोपी रिफाइनरी से तेल लेकर जाने वाले टैंकरों के चालकों से मिलीभगत कर टैंकर से तेल चोरी का अवैध धंधा करते थे।

सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अपराधिक वारदातों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है । अभियान के तहत सीआईए टू की



टीम बुधवार को गश्त के दौरान पेप्सी पुल के पास मौजूद थी । टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की रिफाइनरी से पेप्सी रोड पर दुकानों के पीछे प्लाट में 4-5 युवक रिफाइनरी से टैंकरों में तेल लेकर जाने वाले ड्राइवरों के साथ मिली भगत कर टैंकरों के लॉक को अपने पास बनाई हुई चाबीयों से खोलकर तेल चोरी कर रहे है । पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानकर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में उक्त मामला लाकर मौके पर दबिश दी तो दुकानों के पीछे प्लाट में 4 युवक एक टैंकर का ढ़क्कन खोलकर तेल निकाल रहे थे । पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को काबू कर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपनी पहचान जयभगवान पुत्र गंगादत्त वासी शहजानपुर करनाल, मैनपाल पुत्र जनारधन वासी ददलाना, मनोज पुत्र बृजपाल वासी बराला कैराना यूपी व वकील पासवान पुत्र ध्यानी पासवान निवासी चक्का पीर दरभंगा बिहार हाल नीलोखेड़ी करनाल के रूप में बताई । मौके पर आरोपियों के कब्जे से एक टैंकर, तेल से भरे 4 ड्रम (800 लीटर तेल) , 10 ड्रम खाली, कैन में 20 लीटर डीजल, एक माप, एक कुप्पी, 3 पाइप व एक कटा हुआ ड्रम व एक बाल्टी बरामद हुई । इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि प्रारंम्भिक पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ गिरोह का मास्टर माइंड गिरफ्तार आरोपी जयभगवान है । आरोपी जयभगवान ने पूछताछ में बताया वह टैंकरों के ड्राइवरों और कंडक्टरों से संपर्क करता और उनकों 50 रूपए लीटर तेल खरीदने का प्रलोभन देता था । चालक रिफाइनरी से टैंकर निकालकर पैट्रोल पंप पर जाने से पहले रिफाइनरी रोड पर दुकानों के पीछे उसके पास प्लाट पर पहुंच जाते थे । और तेल चोरी के अवैध धंधे में आरोपी मैनपाल उसका बराबर का हिस्सेदार है । वंही आरोपी मनोज दोनों आरोपियों से चोरी का तेल खरीदकर यूपी ले जाकर बेचता है।

# हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया

**8 स्कूल निदेशक संजय नागपाल ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। स्कूल निदेशक संजय नागपाल ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इसमें बच्चों ने भांगड़ा देखते ही बनता था । विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य उषा मलिक ने कहा कि बैसाखी के त्योहार को खुशहाली और समृद्धि का पर्व माना जाता है। इस दिन लोग अनाज की पूजा करते हैं और फसल के कटकर घर आ जाने की खुशी में भगवान और प्रकृति को धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर स्कूल की चेयरमैन रीटा नागपाल,निदेशक सुनील नागपाल ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए बैशाखी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# बाबा साहेब के विचारों का क्रियान्वयन

**प्रधानमंत्री** बनते समय नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को गरीबों वंचितों के प्रति समर्पित बताया था। वस्तुतः यह डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों की ही प्रेरणा थी। विगत नौ वर्षों से उनकी सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। जन कल्याण की इतनी अधिक और व्यापक योजनाएं देश में पहले कभी लागू नहीं की गई थी। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जीवन यात्रा स्वयं में प्रेरणादायक रही है। इस यात्रा के अनेक पड़ाव थे। प्रत्येक में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व की झलक थी। ऐसे में इन स्थानों पर गरिमापूर्ण स्मारक दशकों पहले बनने चाहिए थे। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के अलावा किसी अन्य ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। डॉ. आंबेडकर की प्रतिष्ठा में सर्वाधिक कार्य वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार ने किए हैं। इसमें उनके जीवन से संबंधित स्थलों का भव्य निर्माण भी शामिल है। इसके साथ ही दलित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ वंचित वर्ग को तक पहुंच रहा है। नरेन्द्र मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को भव्य स्मारक का रूप प्रदान किया। इसमें लंदन स्थित आवास, उनके जन्मस्थान, दीक्षा स्थल, इंदुमिल मुम्बई और नई दिल्ली का अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान शामिल है। यह अपने ढंग का अद्भुत संस्थान है, जिसमें एक ही छत के नीचे डॉ. आंबेडकर के जीवन को आधुनिक तकनीक के माध्यम से देखा-समझा जा सकता है। नरेन्द्र मोदी ने यह संस्थान राष्ट्र को समर्पित किया था। संयोग देखिये, इसकी कल्पना अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और इसे पूरा नरेंद्र मोदी ने किया। बसपा के समर्थन से दस वर्ष चली यूपीए सरकार ने एक ईंट भी नहीं लगाई। मोदी ने निर्धारित सीमा में इसका निर्माण कार्य पूरा कर दिया। यह भी उल्लेखनीय है कि इन स्मारकों के निर्माण में भ्रष्टाचार आदि का कोई आरोप नहीं लगा, न मोदी ने कहीं भी अपना नाम या मूर्ति लगवाने का प्रयास किया। वे चाहते हैं कि भावी पीढ़ी महापुरुषों और संतों से प्रेरणा ले, जिन्होंने पूरा जीवन समाज के कल्याण में लगा दिया। नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की भावनाओं के अनुरूप भारत के निर्माण के लिए बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। पंच तीर्थों पर गरिमापूर्ण स्मारक दशकों पहले बनने चाहिए थे। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के अलावा किसी अन्य ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अटल बिहारी वाजपेयी ने नई दिल्ली में उनके आवास को स्मारक रूप में विकसित करने का निर्णय लिया था। किंतु यूपीए सरकार ने इस योजना को अपनी कार्यशैली के अनुरूप लंबित सूची में बनाए रखा थ।. मोदी सरकार ने 2015 को आंबेडकर की एक सौ पच्चीसवीं जयंती वर्ष घोषित किया था। इस वर्ष डॉ. आंबेडकर से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उनके जन्मदिन 14 अप्रैल को समरसता दिवस और 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया गया। अनुसन्धान हेतु सौ छात्रों को लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और कोलंबिया विश्वविद्यालय भेजने का निर्णय लिया गया। इन दोनों संस्थानों में डॉ. आम्बेडकर ने अध्ययन किया था।

# मिट्टी में माफिया, सदमें में संरक्षणदाता



सुरेश गांधी

> "सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या बीजेपी जुनैद और नासिर की हत्या करने वालों का भी ऐसे ही एनकाउंटर करेगी? नहीं, क्योंकि बीजेपी मजहब के नाम पर एनकाउंटर करती है. आप कानून को कमजोर करना चाहते हैं. संविधान का एनकाउंटर करते हैं. समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है. भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं. आज के हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जांच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए. सही-गलत के फैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है. भाजपा भाईचारे के खिलाफ है"

**अपराधियों** पर कार्रवाई के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ चर्चा में है। चर्चा की वजह माहभर पहले वाला उनका बयान है, जिसमें उन्होंने विधानसभा में कहा था, माफिया कोई भी हो, सरकार उसे मिट्टी में मिलाने का काम करेगी. परिणाम यह है कि उमेश पाल हत्याकांड के 48 दिन बाद यूपी एसटीएफ ने झांसी में अतीक अहमद के बेटे असद उसके सहयोगी मो गुलाम को ढेर कर दिया है. लेकिन एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव व तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा बिलबिला उठे है। माफियाओं को मिट्टी में मिलाने की कार्रवाई को जंगलराज बताते हुए मजहबी रंग दे रहे है। अब इसे माफियाओं का संरक्षणदाता नहीं तो और क्या कहेंगे? फिरहाल बड़ा सवाल तो यही है क्या मिट्टी में मिलाने की कार्रवाई विपक्ष के वोटबैंक पर हमला है? और यदि माफिया व उनके समर्थक ही विपक्ष के वोटबैंक है तो क्या यही लोकतंत्र है? खासकर तब जब योगीराज में पिछले 6 साल में 10 हजार से ज्यादा एनकाउंटर, 65 बदमाशों को ढेर कर हजारों की गिरफ्तारी की गयी हो फिलहाल, उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख के इनामी असद अहमद व उसके सहयोगी गुलाम के मारे जाने के बाद यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ की साख बढ़ी है। लोग उनकी तारीफों के पुल बांधने में जुटे है। कोई इसे रामराज्य बता रहा है तो कोई विधानसभा में उनके मिट्टी में मिला दूंगा वाले बयान को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लाइक व कमेंट बटोर रहा है। यह अलग बात है कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव व तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा को अपने वोटबैंक पर हमला दिख रहा है। बता दें, उमेश पाल मर्डर केस में असद सहित गुलाम व गुड्डू मुस्लिम आदि का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। इसके बाद विधानसभा सत्र के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव दिनदहाड़े हुई इस हत्याकांड का जिक्र कर जंगलराज की संज्ञा दी तो जवाब में सीएम योगी कहते हैं, ह्ये जो अपराधी और माफिया हैं आखिर ये पाले किसके द्वारा गए हैं? क्या ये सच नहीं है कि जिसके खिलाफ सैकड़ों मुकदमें दर्ज है उन्हें सपा ने सांसद बनाया था? आप अपराधी को पालेंगे और उसके बाद आप तमाशा बनाते हैं. हम इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे. योगी के इस बयान के बाद यूपी पुलिस सक्रिय थी। माफियाओं के खिलाफ अभियान छेड़ रखा था। उमेश पाल के हत्यारों के खिलाफ पांच पांच लाख की ईनाम राशि का ऐलान था। उसी कड़ी में दो नामजद शूटरों को पुलिस ने पहले ही मार गिराया था। 48 दिन बाद आज पुलिस ने झांसी में अतीक के बेटे असद व उसके साथी गुलाम को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। पुलिस के मुताबिक यूपी एसटीएफ के एनकाउंटर में मारा गया माफिया डॉन अतीक अहमद का बेटा असद अहमद अपने पिता को पुलिस की गिरफ्त से भगाने की साजिश रच रहा था. इसके लिए वह पुलिस के काफिले पर हमला करने की भी योजना बना रहा था. अतीक अहमद को यूपी लाए जाते समय वह अपने मंसूबों को अंजाम देने चाहता था. इस सूचना को देखते हुए सिविल पुलिस और विशेष बलों की टीमों को तैनात किया गया था। झांसी जिले के परीक्षा डैम के पास पुलिस को देखते ही दोनों बदमाशों ने पुलिस पर हमला कर दिया और जवाबी कार्रवाई में मारे गए। सूत्रों की मानें तो असद का एनकाउंटर करने के बाद अब गुड्डू मुस्लिम यूपीएसएटीएफ की रडार पर है. यूपीएसटीएफ को उसकी लोकेशन की जानकारी मिल गई है. बताया जा रहा है कि गुड्डू मुस्लिम भी जल्द ही पुलिस पकड में होगा। देखा जाएं तो यह पहला मौका नहीं है जब योगी सरकार में किसी माफिया का एनकाउंटर किया गया हो. पिछले 6 सालों में योगी सरकार में कुल 10,713 मुठभेड़ हुए हैं. जिनमें से 183 अपराधियों का सफाया हो चुका है. जबकि सैकड़ों घायल हुए हैं. इन एनकाउंटर में सबसे कुख्यात नाम विकास दुबे और उनके पांच गुर्गे का है। अब अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम का नाम भी इस लिस्ट में जुड़ गया है. 24 घंटे पहले ही पुलिस ने पश्चिम यूपी के कुख्यात आदित्य राणा को मुठभेड़ में मार गिराया था. पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 2017 के बाद से 10713 एनकाउंटर किए. इनमें से सबसे अधिक 3152 मेरठ पुलिस की ओर से हुए. इसके बाद आगरा पुलिस का है. आगरा पुलिस ने 1844 मुठभेड़ों को अंजाम दिया, जिसमें 4654 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 14 खूंखार अपराधी मारे गए और 55 पुलिस वाले घायल हुए. बदमाशों से मुठभेड़ के 13 पुलिसकर्मी भी शहीद हुए हैं और 1398 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. साल 2023 की शुरूआत में ही यूपी पुलिस ने नोएडा में सुनील राठी गैंग के एक लाख के इनामी शूटर कपिल को एनकाउंटर में मार गिराया. 2 जनवरी को बुलंदशहर में पुलिस ने मुठभेड़ में एक लाख के इनामी आशीष और 50,000 के इनामी अब्दुल को मार गिराया. 10 जनवरी को 50 हजार के इनामी विनय शर्मा को मार गिराया गया. इसके बाद उमेश पाल हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों अरबाज और उस्मान चैधरी को पुलिस ने ढेर कर दिया था. इसके बाद अब असद और गुलाम को भी मार गिराया गया है।

**योगी पर विपक्ष हमलावर**-हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि क्या बीजेपी जुनैद और नासिर की हत्या करने वालों का भी ऐसे ही एनकाउंटर करेगी? नहीं, क्योंकि बीजेपी मजहब के नाम पर एनकाउंटर करती है. आप कानून को कमजोर करना चाहते हैं. संविधान का एनकाउंटर करते हैं. समाजवादी पारर्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है. भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं. आज के हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जांच-पड़ताल हो व दोषियों को छोड़ा न जाए. सही-गलत के फैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है. भाजपा भाईचारे के खिलाफ है. तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने यूपी एसटीएफ की कार्रवाई में अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मुझे हैरानी नहीं हुई यह पूरी तरह से अराजकता है. यह एक प्रकार का कल्चर या जंगल राज है. जब आपके पास ऐसे मुख्यमंत्री और गृहमंत्री हों जो कहें, गाड़ी पलट सकती है, ठोक दो.तो यह कभी भी हो सकता है. जब आप मार दो, काट दो,जला दो जैसे बयान देते हैं. इस तरह की नफरत और जहरीले बयान देते हैं तो उम्मीद है कि भारत के लोग इसे क्षम्य नहीं करेंगे।

**झांसी में क्यों डेरा जमाया असद**

48 दिन तक यूपी एसटीएफ की 18 टीमें दिन रात सिर्फ एक शख्स को तलाश रही थी. वो शख्स था उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और बाहुबली अतीक अहमद का बेटा असद अहमद. असद झांसी में एक एनकाउंटर के दौरान मारा गया है. इस एनकाउंट का एक वीडियो भी आया है. जिसमें देखा जा सकता है कि एक मोटर साइकिल गिरी पड़ी है उसके बगल में ही असद अहमद और शार्प शूटर गुलाम के शव पड़े हैं.12वीं पास असद ने हाल ही में अतीक का कारोबार संभाला था. उमेश पाल की हत्या के बाद से ही असद पुलिस की रडार पर था. 24 फरवरी को शूटर के साथ उमेश पाल की हत्या करने के बाद असद और उसके दोस्त लखनऊ के रास्ते बहराइच भाग गया. बहराइच यूपी के तराई इलाके में आता है और नेपाल बॉर्डर के समीप है. असद और गुड्डू मुस्लिम यहां पर एक होटल में भी ठहरा और अगले दिन फिर नेपाल की ओर भाग गया.उमेश पाल हत्या के बाद जब सियासत गरमाई तो यूपी पुलिस ने एसटीएफ को कमान सौंप दी, जिसके बाद 18 टीमों का गठन किया गया. एसटीएफ ने असद और उससे जुड़े शूटरों का लोकेशन ट्रैस करना शुरू कर दिया. इसकी भनक लगते ही असद रोज सिम बदलने लगा. असद और गुड्डू मुस्लिम भूटान की सीमा तक गया. यूपी एसटीएफ को असद और गुड्डू मुस्लिम के एक साथ होने का अंतिम लोकेशन भूटान सीमा पर ही मिला था.



## कविता

### करोना विरोधी कविता

संदर्भ चीन के बीजिंग शहर में फिर करोना विस्फोट।

जब हर तरफ फिजाओ में है करोना,

जब हर तरफ फिजाओ में है करोना,
फिर छोटी छोटी परेशानी का क्या है रोना,

हाथ धोते रहो मुंह मे पहनो मास्क,
दूर रहो दो मीटर,सीर्फ नमस्ते करो, है करोना,

कॅरोना का स्वयंभू कर्फ्यू,आपातकाल है,
हेल्थ निदेर्शों का पूरा पालन है करोना,

कई विपदा आई चली गई धरती से,
अनावश्यक इससे इतना है डरो-ना,

बडा अजीब सा है यह कॅरोना,
घर मे रहो बेफिक्र, मिलो जुलोना,

चीन वाले, खाएं सांप, छिपकली,
उनका भी मुंह तो बंद है कॅरोना,

सब के लिए यही प्रार्थना हमारी
हे प्रभु ईश्वर सबके कस्ट हरोना।

समूचे चीन का, चीनी सामान का
चीन देश का पुरजोर विरोध करोना।

संजीव ठाकुर

# राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं...

**अशोक भाटिया**

**यह** कहावत एक दम सही है कि राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता । ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र की राजनीति में भी हो रहा हैं । कब कौन किसके पाले में चला जाय, कहा नहीं जा सकता । अजित पवार व फडणवीस के बीच बहुत कुछ चला पर बाद में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी , कांग्रेस व शिवसेना की सरकार बनाने के बाद चचाओं का दौर बंद हो गया । अचानक ढाई साल बाद शिंदे गुट की शिवसेना व भाजपा की सरकार बनने के बाद फिर चचाओं का दौर शुरू हो गया है । महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र में उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिंदे पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट (वीएसआई) की 46वीं वार्षिक आम बैठक में बोल रहे थे जहां पवार ने उनके साथ मंच साझा किया। पवार वीएसआई के अध्यक्ष हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुभवी नेता हैं। सहकारी क्षेत्र में उनका योगदान बहुत बड़ा है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों के हित में और राज्य के कल्याण के लिए, जो भी सत्ता में है, पवार मार्गदर्शन और सुझावों के लिए हमेशा उपलब्ध हैं। शिंदे ने कहा कि वे अक्सर मुझे टेलीफोन पर सुझाव देने और सलाह देने के लिए बुलाते हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र ने देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके महत्व को समझते हुए केंद्र ने इस क्षेत्र के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र में सहकारी क्षेत्र को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया है। शिंदे ने संकट के समय भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करने और न केवल लाभ या हानि पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सहकारी क्षेत्र की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सहकारिता क्षेत्र के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में कुल 2.5 लाख हेक्टेयर को सिंचाई के तहत लाया जाएगा। इस मौके पर पवार ने कहा कि चीनी कारखानों को मजबूत करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए चीनी के अलावा अन्य उत्पादों के उत्पादन पर ध्यान देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वे महसूस करते हैं कि अतिरिक्त चीनी का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए किया जाना चाहिए। उस समय कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों को अच्छा बुनियादी ढांचा और सब्सिडी मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि दावोस में निवेशकों ने भारत और महाराष्ट्र में रुचि दिखाई। उन्हें विश्वास है कि हम निवेशकों के अनुकूल हैं क्योंकि निवेश की बहुत गुंजाइश है।

## विचार

# किसी को दर्जा मिला किसी से छिना

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारतीय लोकतंत्र सबसे बड़ा औरप्रतिष्ठित लोकतंत्र प्रणाली में भारतीय चुनाव आयोग का क्रियाकल्प, प्रक्रिया अभूतपूर्व है। अब लद गए वह दिन जब ठप्पा लगाकर मतदान किया जाता तब बूथ कैप्चरिंगभी हो जाती थी। हालांकि अगर वैश्विक स्तरपर कुछ रिपोर्ट्स को देखें तो भारतीय लोकतंत्र व्यवस्था को काफी पिछड़ा हुआ बताया गया है जिसकी रैंकिंग काफी नीचे दी गई है, इसपर मेरा मानना है कि यहां की लोकतंत्र व्यवस्था इतनी भी खराब नहीं है जितनी खराब रैंकिंग दी गई है। खैर हमें आज उसकी गहराई में नहीं जाना है। चूंकि 10 अप्रैल 2023 को भारतीय चुनाव आयोग ने एक नई उभरती पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया है, जो गुजरात चुनाव में हार कर भी अपनी बढ़ती साख और दर्जे को राष्ट्रीय दर्जे तक बढ़ाकर हारकर भी जीत हासिल की है हालांकि पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने का हकदार हो गई थी लेकिन चुनाव आयोग की ओर से यह दर्जा मिलने में देरी हो रही थी, इसके बाद पार्टी ने कर्नाटक हाई कोर्ट का रुख कर लिया था कर्नाटक के पार्टी संयोजक की तरफ से कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी जिसमे कहा गया था कि पार्टी, राष्ट्रीय पार्टी बनने की सभी शर्तें पूरी करती है, इसके बावजूद दर्जा मिलने में देरी हो रही है। इस कोर्ट ने चुनाव आयोग को 13 अप्रैल 2023 तक यह फैसला करने को कहा कि यह राष्ट्रीय पार्टी बनती है या नहीं, आखिर आयोग ने 10 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय पार्टी बनने का मौका दे दिया।परन्तु सबसे बड़ी हैरानी वाली बात यह है कि टीएमसी, राष्ट्रवादी सहित कुछ पार्टियां राष्ट्रीय पार्टी के दर्जा से बाहर हो गई है यानी वे अपना दर्जा नहीं बचा सकी है। अब जनता का ध्यान भी आकर्षित हुआ है कि कौनसी पार्टी राष्ट्रीय और राज्य का दर्जा प्राप्त है, जिसे अब मतदाता मतदान करते समय उम्मीदवार के साथ साथ इसपर भी विचार करेंगे। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ हम मतदाता जानें कि राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों का दर्जा कैसे मिलता है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2023 को भारतीय केंद्रीय चुनाव आयोग के राजनीतिक पार्टी स्टेटस को लेकर बड़े फैसले की करें तो, उसने तीन बड़ी पार्टियों- राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (सीपीआई) का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म कर दिया है जबकि आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दे दिया है।चुनाव आयोग का कहना है कि इन दलों को 2 संसदीय चुनावों और 21 राज्य विधानसभा चुनावों के पर्याप्त मौके दिए गए थे लेकिन वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए इसलिए उनका यह दर्जा वापस ले लिया गया।

साथियों खास बात है कि राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए कुछ नियम और मापदंड है। अगर कोई भी पार्टी इन नियमों का पालन करती है और मापदंड को पूरा करती है तो निर्वाचन आयोग उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देता है। राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए कई प्रकार की शर्तें होती हैं, जिसमें से कम से कम एक शर्त को पूरा करना अनिवार्य होता है। अगर किसी दल को 4 राज्यों में क्षेत्रीय दल का दर्जा प्राप्त है तो उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाता है। अगर कोई दल 3 राज्यों को मिलाकर लोकसभा की 3 फीसदी सीटें जीतती है तो उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाता है। अगर कोई पार्टी 4 लोकसभा सीटों के अलावा लोकसभा चुनाव या विधानसभा चुनाव में 4 राज्यों में 6 फीसदी वोट हासिल करती है तो उसे राष्ट्रीय पार्टी माना जाता है। अगर कोई भी पार्टी इन तीनों शर्तों में से किसी एक शर्त को पूरा करती है तो उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाता है। देश में कुल राष्ट्रीय पार्टियां-भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) आम आदमी पार्टी (आप) भारती राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी(सीपीएम) नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) देश में फिलहाल तीन तरह की पार्टियां हैं। राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय और क्षेत्रीय पार्टियां। चार अप्रैल 2023 से पहले भारत में सात राष्ट्रीय पार्टियां थीं, जबकि राज्य स्तरीय दल 35 और क्षेत्रीय दलों की संख्या करीब साढ़े तीन सौ थी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जाति प्रथा के विरोधी थे डा.आम्बेडकर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**भारतीय सं**विधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये। बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था।

### प्रदूषण की माया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**प्रदूषण की माया ने आसमान के तारों को रंग-बिरंगे** कागजों में झिलमिलाने के लिए मजबूर कर दिया है। एक समय था जब आंगन के डार पर टंगी सादी साड़ी के इस पार से उस पार के तारों को देखने पर ऐसा लगता मानो किसी ने आकर साड़ी पर सितारे टांक दिए हैं। जब जिंदगी खुद धुआँ-धुआँ सा लगने लगे तब आसमान के तारों की बात करना बेईमानी होती है। पहले देशभक्ति रगों में दौड़ती थी। अब खादी के कपड़ों और चौराहे से खरीदे प्लास्टिक के झंडों में सिमटी बैठी है। था एक समय जब मतवालों की तरह जयहिंद-वंदेमातरम-इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निकल पड़ते थे किला फतेह करने। अब गालों पर तिरंगा रंग लगाए, चंद नाखून और बाल कटवाकर खूद को देश के लिए होम होने वाला बड़ा देशभक्त घोषित कर लेते हैं। गलों के पावन मंदिर से निकलने वाले देशभक्ति गीतों के स्थान पर बेतूके गानों की धूम मची है। न स्वतंत्रता दिवस का ज्ञान न गणतंत्र का। बस इतना पता है कि दोनों दिन झंडा फहराते हैं और छुट्टी होती है। न जाने हमारे देश में कैलेंडर कौन बनाता है जो इन दिवसों को राष्ट्रीय पर्व के रूप में दिखाता है। वह तो भला हो हमारी नवपीढ़ी का जो उसे सुधारकर छुट्टी के रूप में मनाने का कोई अवसर नहीं गंवाते। यादों की दुनिया में विचरना भ्रम ही तो है। रुपए-पैसे और नाम कमाने के खेल में हम इतने रम गए कि खुद के आगे देश को बौना समझने लगे। देश को मिट्टी का टुकड़ा समझकर खुद को बेशकीमती समझने लगे। अपनी कल्पनाओं की दुनिया में विचरते हुए ऐंठन में कॉलर का उठाना, जात-पात, धर्म के नारे लगाने वाले शायद यही कुछ जमापूँजी के रूप में बचा रहे हैं। वालपोस्टरों में चेहरे दिख जाने से पेट थोड़े न भरेंगे।

भूख बनाम देशभक्ति के खेल में हम किस तरफ हैं, इसका निर्णय समय रहते लेना होंगा। संकीर्ण खिड़कियों से झाँकना बंद करना होगा। लाखों सूर्य की रोशनी के लिए अपने भीतर के दरवाजें खोलने होंगे। तभी शायद हम इंसान कहलाने लायक बनेंगे।



# पुष्पा फेम रश्मिका मंदाना

## के पास है करोड़ों की दौलत, कई घरों के साथ लग्जरी कारों की भी हैं मालकिन

रश्मिका मंदाना की अपकमिंग मूवी पुष्पा द रूल (Pushpa: The Rule)' का ट्रेलर काफी पसंद किया गया जा चुका है. इस फिल्म (Movie) के पहले पार्ट में एक्ट्रेस के भोलेपन और सादगी ने दर्शकों (Viewers) का दिल लूट लिया था. अल्लू अर्जुन (Allu Arjun) के साथ मिलकर पुष्पा द रूल से एक बार फिर से तहलका मचाने के लिए तैयार रश्मिका मंदाना (Rashmika Mandanna) का नाम काफी अमीर अभिनेत्रियों ( Rich Actresses ) में लिया जाता है. आइए जानते हैं इस एक्ट्रेस की टोटल नेटवर्थ (Total Net Worth) के बारे में.



**एक्ट्रेस की सोर्स ऑफ इनकम**

पुष्पा फेम रश्मिका मंदाना की इनकम का मेन सोर्स उनकी मूवीज हैं. अपनी फिल्मों में शानदार एक्टिंग करके वो मोटी फीस वसूलती हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक रश्मिका मंदाना अपनी हर फिल्म के लिए चार ( 4 ) करोड़ की रकम लेती हैं.

**इन ब्रांड्स को करती है प्रमोट**

फिल्मों के साथ रश्मिका मंदाना कई ब्रांड्स को प्रमोट करके भी मोटी कमाई करती हैं. रश्मिका मंदाना गार्नियर, डेरी मिल्क, टाटा टी, ओप्पो, प्यूमा और टाटा नेक्सन जैसे कई और बड़े ब्रांड्स का एडवर्टाइज करके भी शानदार कमाई करती हैं. वो हर विज्ञापन के लिए मोटी फीस चार्ज करती हैं. सेलिब्रेटी वर्थ (celebritys worth) की रिपोर्ट के मुताबिक एक्ट्रेस की टोटल नेटवर्थ चालीस ( 40 ) करोड़ रुपए के आस पास बताई जाती है.

**कई घरों की हैं मालकिन**

रश्मिका मंदाना के पास खुद का कर्नाटक में बहुत ही लग्जरी बंगला है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके इस घर की कीमत आठ करोड़ रुपए के करीब है. इसके अलवा एक्ट्रेस के पास मुंबई और हैदराबाद में भी बहुत ही बेहतरीन घर है, जिनकी कीमत करोड़ों में बताई जाती है.

**लग्जरी गाड़ियों की शौकीन**

आपको बता दें कि रश्मिका मंदाना ( Rashmika Mandanna) लग्जरी गाड़ियों की बहुत शौकीन हैं. एक्ट्रेस (Actress) के कार कलेक्शन में 60 लाख की ऑडी क्यू 3 (Audi Qx), एक करोड़ की मर्सिडीज बेंज सी क्लास (Mercedes-Benz C-Class) और 25 लाख की हुंडई क्रेटा जैसी कई बेहतरीन गाड़ियां मौजूद हैं.

# 'शहर की लड़की' हिट होने के बाद डिमांड में थीं रवीना टंडन, मिला 'छैया छैया' का ऑफर, इस डर से कर दिया रिजेक्ट



मस्त-मस्त' गर्ल के नाम से मशहूर रवीना टंडन ( Raveena Tandon) को हाल ही में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. इस मौके पर अपने पूरे परिवार के साथ पहुंची रवीना की तस्वीरें खूब सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं. रवीना ओटीटी पर भी शानदार पारी का आगाज कर चुकी हैं. 'तू चीज है बड़ी मस्त-मस्त', 'शहर की लड़की', 'टिप-टिप बरसा पानी' जैसे कई गानों पर शानदार डांस कर दर्शकों को दीवाना बना देने वाली रवीना के नाम एक और पॉपुलर गाना होता, लेकिन एक्ट्रेस ने ठुकरा दिया था. फिर उसी गाने से मलाइका अरोड़ा (Arora) रातों-रात मशहूर हो गई.

रवीना टंडन ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'दिल से' के बारे में बात की. आपको याद होगा धीमी गति से पटरियों पर दौड़ती ट्रेन पर मलाइका अरोड़ा और शाहरुख ने 'छैया छैया' गाना फिल्माया गया था. मस्त होकर मलाइका ने इस गाने पर डांस किया था. फिल्म रिलीज होते ही मलाइका स्टार बन गई, लेकिन ये ऑफर पहले रवीना टंडन को मिला था.

**रवीना को लगातार मिल रहे थे आइटम सॉन्ग के ऑफर**

1988 में रिलीज हुई मणिरत्नम की फिल्म 'दिल से' में शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा लीड रोल में थे. ए आर रहमान के संगीत से सजे 'छैया छैया' गाने में मलाइका अरोड़ा ने शानदार डांस किया था. रवीना टंडन ने बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि 'फिल्म 'रक्षक' के गाने 'शहर की लड़की' हिट होने के बाद मुझे लगातार आइटम सॉन्ग के ऑफर मिल रहे थे. छैया छैया भी ऑफर हुआ था. इसके अलावा भी मुझे कई बड़े आइटम सॉन्ग के लिए अप्रोच किया जा रहा था, लेकिन मैंने उन्हें मना कर दिया. उन दिनों स्टीरियोटाइप टाइप होना बहुत आसान था'.

**रवीना के गानों ने मचा दी थी धूम**

रवीना टंडन ने बातचीत के दौरान माना कि मेरे गाने हिट हुए तो लोगों को ये लगने लगा था कि अगर फिल्म में रवीना टंडन है तो मतलब गाने अच्छे होंगे ही. इस बात पर उन्हें गर्व भी होता है. रवीना टंडन ने आगे बताया कि 'यह कहा जाने लगा था कि अगर फिल्म में रवीना है तो एक सुपरहिट गाना होना चाहिए, उनके लिए बहुत आभारी हैं, क्योंकि आज तक लोग उन्हें उनके सुपरहिट गानों के लिए भी जानते हैं. अच्छी बात है कि उन सभी को रिमिक्स किया जा रहा है. उन गानों को एक नया जीवन मिल रहा है.'

# भंसाली का सेट देखकर हरी हो गई थी एक्टर की आंखें, समझ नहीं पाया क्या है माजरा, फिल्म देखकर बदल गया था नजरिया



टीवी पर अपनी धाक जमाने के बाद शरद केलकर (Sharad Kelkar) ने फिल्मों की ओर रुख किया. कई फिल्मों में वह अहम रोल में नजर आ चुके हैं. संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' में भी वह खास रोल में नजर आए थे. एक्टर शरद केलकर ने हाल ही में संजय लीला भंसाली के सेट पर शूटिंग के अपने पहले दिन को याद किया. उन्होंने बताया कि इतना बड़ा सेट देखकर उन्हें पहले दिन लगा था कि कितने पैसे बर्बाद किए जा रहे हैं. आइए आज आपको उनसे जुड़ी खास बाते बताते हैं।टीवी और फिल्मों में अपनी किस्मत आजमा रहे एक्टर शरद केलकर ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान बताया है कि जब उन्होंने पहली बार संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' का सेट देखा था तब वह हैरान हो गए थे. उन्होंने बतायने बताया कि ये उनके करियर की पहली बड़ी फिल्म थी और इससे पहले उन्होंने सिर्फ टीवी पर ही काम किया था. पहली फिल्म में काम करने का मौका मिला वो भी संजय लीला भंसाली की तो हैरान होना तो लाजिमी था. भंसाली अपनी फिल्मों में भव्य सेट और कलरफुल स्क्रिन के लिए खासतौर पर पहचाने जाते हैं.

**जब भव्य सेट देखकर उड़ गए थे शरद के होश**

शरद ने साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में इस फिल्म से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस शेयर करते हुए काफी कुछ बताया था. इस दौरान उन्होंने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने संघर्ष के दिनों को भी याद किया था. उन्होंने बताया कि वह भले ही वह टीवी पर काम करके अच्छी कमाई कर रहे थे, लेकिन वह फिल्मों में भी अपना एक्टिंग टैलेंट आजमाना चाहते थे. उन्होंने कहा, मेरी शुरुआती फिल्मों में से एक राम लीला थी. सेट फिल्म सिटी में था. मेरा शूट पर पहला दि था और स्टूडियो में 1000 लोगों की भीड़ थी, साथ ही क्रू और मेन एक्टर्स भी थे. हमारे पास रिहर्सल के एक दिन से ज्यादा का समय था. मैं उस वक्त बस यही सोच रहा था कि इतना पैसा बर्बाद हो रहा है, कितने पैसे बर्बाद करेंगे ये लोग, इतने में तो मैं 13-15 मिनट शूट कर लेता हूं, क्योंकि मैं टीवी से आया हूं, इसलिए मेरे लिए वो पल वो लम्हा हैरान करने वाला था.'



# तमन्ना भाटिया

## ने बिना मेकअप वीडियो किया शेयर, एक्ट्रेस के चेहरे पर दिखाई दिए पिंपल्स और पैचेस

तमन्ना भाटिया साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं. वो बिना मेकअप के भी बला की खूबसूरत लगती हैं. उन्हें उनके बेहतरीन स्किनकेयर रुटीन के लिए जाना जाता है. एक्ट्रेस अक्सर अपनी फिटनेस और स्किनकेयर वीडियो फैंस के साथ शेयर करती नजर आती हैं. अब हाल ही में तमन्ना ने एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें वो बिना फिल्टर और बिना मेकअप के नजर आ रही हैं.

वीडियो को शेयर करते हुए तमन्ना बैड स्किन डे मनाते हुए यंगस्टर्स को हर मौके पर खुद से प्यार करने का सुझाव दिया. ऐसे तो तमन्ना इस वीडियो में भी हमेशा की तरह खूबसूरत नजर आ रही हैं हालांकि उनके चेहरे पर मुहांसे और पैचेस भी नजर आ रहे हैं. इस दौरान वो यंग गर्ल्स को खुद को हर हालत में प्यार करने का सुझाव दे रही हैं.

**तमन्ना भाटिया ने बिना फिल्टर के वीडियो किया शेयर**



तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें वो बिना फिल्टर के नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने अपने बैड स्किन डे को फ्लॉन्ट किया. वीडियो में तमन्ना के चेहरे पर कुछ पैचेस और मुहांसे नजर आ रहे हैं. उन्होंने यंग गर्ल्स को अपनी बैड स्किन को भी प्यार करने की बात कही और कहा कि अपनी खराब त्वचा के दिनों में भी टेंशन ना लें.

**बुरे दिनों में भी खुद से करें प्यार - तमन्ना भाटिया**

तमन्ना इस वीडियो में कहती नजर आ रही हैं, स्किन के अच्छे दिन भी होते हैं और बुरे दिन भी होते हैं. जैसा आप देख सकते हैं कोई फिल्टर नहीं है. मुझे खुद को वैसे ही प्यार करना है जैसी मैं हूं. मैं कौन हूं, कैसी हूं और मैं क्या महसूस कर रही हूं इससे कुछ नहीं होता. मैं बस काम पर जा रही हूं और काफी बिजी रहूंगी. आप सभी को बहुत सारा प्यार. एक यंग लड़की जो अपनी स्किन देखती है और काफी परेशान हो जाती है. सोचती है मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है. तो बता दूं ये सभी के साथ होता है.

तमन्ना ने आगे कहा कि वो खुद को उतना ही प्यार करने जा रही हैं जितना अच्छी स्किन होने पर खुद को प्यार करती हैं. बता दें कि तमन्ना अपनी स्किन को लेकर काफी कॉन्शियस रहती हैं और काफी सख्त स्किनकेयर रुटीन फॉलो करती हैं. वो उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जो बिना मेकअप के भी काफी सुंदर दिखाई देती हैं.

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 235 अंक उछला

**नई दिल्ली।** इस महीने लगातार आठवें कारोबारी सत्र बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 235.05 अंक यानी 0.39 फीसदी उछलकर 60,392.77 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 90.10 अंक यानी 0.51 फीसदी की बढ़त के साथ 17,812.40 के स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर में तेजी रही जबकि 13 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। अडाणी समूह के 10 शेयरों में से 8 शेयर में गिरावट देखने को मिली है। हालांकि, कारोबार के दौरान अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 2.49 फीसदी चढ़ा है जबकि अंबुजा सीमेंट और एनडीटीवी के शेयरों में 2-2 फीसदी की गिरावट रही है। शेयर बाजार की तेजी में आईटी और फार्मा सेक्टर के शेयरों का योगदान रहा। निफ्टी में डिविज लैब के शेयर में 9 फीसदी से ज्यादा की बढ़त दिखी, जो टॉप गेनर शेयर रहा।उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले मंगलवार को शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए थे। बीएसई का सेंसेक्स 311.21 अंक यानी 0.52 फीसदी की उछाल के साथ 60,157.72 के स्तर पर बंद हुआ था। एनएसई का निफ्टी भी 98.25 अंक यानी 0.56 फीसदी की बढ़त के साथ 17,722.30 पर बंद हुआ था।




## महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के पूर्व चेयरमैन केशब महिंद्रा का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे उम्रदराज अरबपति उद्योगपति और महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के पूर्व चेयरमैन केशब महिंद्रा का बुधवार को निधन हो गया। केशब महिंद्रा ने 99 साल की आयु में मुंबई स्थित अपने घर पर सुबह अंतिम सांस ली। महिंद्रा परिवार के एक करीबी व्यक्ति ने यह जानकारी दी। महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के केशब महिंद्रा 1963 से 2012 तक 48 साल तक समूह के चेयरमैन रहे। वह 1947 में कंपनी से जुड़े थे। उनके नेतृत्व में समूह ने नई ऊंचाइयों को छुआ। उन्होंने 2012 में चेयरमैन का पद अपने भतीजे आनंद महिंद्रा को सौंप दिया था।फोर्ब्स ने हाल में केशब महिंद्रा को देश के सबसे अमीर अरबपतियों की सूची में शामिल किया था। फोर्ब्स ने उन्हें 1.2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ भारत का सबसे वृद्ध अरबपति बताया था। महिंद्रा समूह के पूर्व चेयरमैन वर्ष 2004 से 2010 तक प्रधानमंत्री की व्यापार और उद्योग परिषद के सदस्य थे। कारोबार जगत में केशब महिंद्रा के योगदान के लिए साल 1987 में फ्रांस सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया था।



## भारत-फ्रांस ने यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता की प्रगति पर चर्चा की

**नई दिल्ली/पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष ओलिवियर बेख्त के साथ भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार करार (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर चर्चा की है। इसके अलावा गोयल ने फ्रांस के विदेश व्यापार मंत्री ओलिवियर बेख्त के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि पीयूष गोयल और ओलिवियर बेख्त ने भारत-यूरोपीय संघ एफटीए से संबंधित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा की। इस दौरान दोनों मंत्रियों के बीच बाजार पहुंच के मुद्दे पर भी बातचीत हुई। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि भारत अगले 10 साल में 2 हजार वाणिज्यिक विमान खरीदना चाहता है। गोयल ने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग को पूरा करने के लिए भारत में वाणिज्यिक विमान बनाने का एक बड़ा अवसर है। राफेल की खरीद और एयरबस को हालिया ऑर्डर के बाद इस भागीदारी का महत्व और बढ़ा है। इसके अलावा वाणिज्य मंत्री ने कई मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठकें कीं। उल्लेखनीय है कि गोयल भारत-फ्रांस व्यापार शिखर सम्मेलन और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) की गोलमेज बैठक में भाग लेने फ्रांस गए हैं। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2021-22 में 15.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह पिछले दशक में दोगुना हुआ है। फ्रांस से भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 10 अरब डॉलर रहा है। भारत में फ्रांस शीर्ष विदेशी निवेशक बन चुका है।

# भारत और इटली को ईयू के साथ संतुलित मुक्त व्यापार समझौते की उम्मीद

**रोम/नई दिल्ली।** भारत और इटली ने दिल्ली तथा यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता की प्रगति पर चर्चा की है। दोनों देशों ने इसके जल्द पूरा होने की उम्मीद जताई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और इटली दिल्ली और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित एफटीए वार्ता की प्रगति पर चर्चा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इटली के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मामलों के मंत्री एंटोनियो ताजानी के बीच 12 अप्रैल को हुई बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाया। गोयल ने ताजानी के साथ बैठक में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री इटली के आधिकारिक दौरे पर हैं। उनके साथ एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी है। इस प्रतिनिधिमंडल में भारतीय उद्योग जगत और विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातक शामिल हैं। पिछले साल जनवरी में भारत और यूरोपीय संघ ने एफटीए समझौते, निवेश संरक्षण और भौगोलिक संकेतक (जीआई) के लिए फिर बातचीत शुरू की है। इटली ईयू का सदस्य है।



## भारत का निर्यात छह प्रतिशत बढ़कर 447 अरब डॉलर हुआ, आयात में 16.5 प्रतिशत इजाफा



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम, फार्मा और रसायन तथा मरीन्स जैसे क्षेत्रों के निर्यात में अच्छी वृद्धि के कारण 2022-23 के दौरान देश का निर्यात करीब 6 प्रतिशत बढ़कर 447 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार यह जानकारी दी। देश का आयात भी 2022-23 में 16.5 प्रतिशत बढ़कर 714 अरब डॉलर हो गया जो 2021-22 में 613 अरब डॉलर था।

# बीबीसी के खिलाफ फेमा के तहत केस दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) इंडिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीबीसी इंडिया के खिलाफ विदेशी फंडिंग में अनियमितता के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन के मामले में बीबीसी इंडिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक जांच एजेंसी ने फेमा के प्रावधानों के बीबीसी के कुछ अधिकारियों से दस्तावेजों और बयानों की रिकॉर्डिंग की मांग की है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब बीबीसी के खिलाफ भारत में ऐसी कोई कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी में आयकर विभाग के अधिकारियों ने राजधानी दिल्ली स्थित बीबीसी दफ्तर में छापेमारी की थी। अधिकारियों ने छापेमारी में उससे जुड़े दस्तावेजों की जांच भी की थी। आयकर विभाग ने इस मामले पर आधिकारिक बयान देते हुए कहा था, वो एफडीआई उल्लंघन के एक मामले में बीबीसी की जांच करेंगे। इसी सिलसिले में ईडी ने बीबीसी पर फेमा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।




# कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड उछलकर 88 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर के भाव है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 87.18 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी बढ़त के साथ 83.16 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।




# सीतारमण ने ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नरों के साथ की बैठक

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023 के लिए ब्रिक्स वित्त एजेंडा के तहत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों ने (एफएमसीबीजी) की बैठक में भाग लिया। वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास वाशिंगटन में दक्षिण अफ्रीका चेयर के तहत 2023 के लिए ब्रिक्स वित्त एजेंडा के तहत एक बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मंत्रालय के मुताबिक बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने वैश्विक स्थूल आर्थिक विकास, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण और सीमा शुल्क और कर सहयोग के मुद्दों पर भारत के विचार प्रस्तुत किए। सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए भारत का रोडमैप व्यापक स्तर पर विकास और कमजोर समूहों के लिए सर्व-समावेशी कल्याण पर आधारित है, जिसमें नवीन वित्तपोषण विधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स दुनिया की पांच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक संगठन का नाम है। इस संगठन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। निर्मला सीतारमण छह दिवसीय अमेरिका दौरे पर हैं।




## मौजूदा वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और भू-राजनीतिक वातावरण चिंता का विषय : वित्त मंत्री

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अनुमानित 6 फीसदी से ज्यादा की आर्थिक वृद्धि दर के बावजूद हम वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और भू-राजनीतिक वातावरण को लेकर चिंतित हैं। निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक बैठक में यह बात कही।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वित्त मंत्री अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और आईएमएफ की डेवलपमेंट समिति की बैठक में शामिल हुईं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि विश्व बैंक को दुनिया को गरीबी से मुक्त करने के अपने दृष्टिकोण के लिए काम करना जारी रखना चाहिए और अत्यंत गरीबी को समाप्त करने और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के अपने मिशन को इस तरह से हासिल करना चाहिए कि वह समावेशी, लचीला और टिकाऊ हो। निर्मला सीतारमण ने उल्लेख किया, विश्व बैंक समूह का विकास-गवर्नरों के लिए एक रिपोर्ट विश्व बैंक समूह के विकास पर सामूहिक रूप से सोचने का एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती है। वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि ग्लोबल पब्लिक गुड्स (जीपीजी) पर भी तीसरे लक्ष्य के रूप में ध्यान दिया जाना चाहिए।



# देश का औद्योगिक उत्पादन फरवरी महीने में 5.6 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को राहत देने वाली खबर आई है। बिजली, खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक फरवरी महीने में 5.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि फरवरी, 2022 में यह 1.2 फीसदी बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आधारित औद्योगिक उत्पादन फरवरी महीने में 5.6 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल फरवरी, 2022 में यह 1.2 फीसदी बढ़ा था। इस साल जनवरी महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.5 फीसदी रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन फरवरी में 5.3 फीसदी रहा है। एक साल पहले इसमें 0.2 फीसदी की वृद्धि हुई थी। वहीं, खनन क्षेत्र का उत्पादन 4.6 फीसदी पर स्थिर रहा। बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 8.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसमें 4.5 फीसदी की वृद्धि हुई थी। एनएसओ के मुताबिक पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी में 10.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई थी। टिकाऊ उपभोक्ता क्षेत्र का उत्पादन चार फीसदी बढ़ा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 9.7 फीसदी की गिरावट आई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन फरवरी में 12.1 फीसदी बढ़ा है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसमें 6.8 फीसदी की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचा और निर्माण वस्तुओं के उत्पादन क्षेत्र में 7.9 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 8.6 फीसदी की वृद्धि हुई थी।आंकड़ों के अनुसार प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में इस साल फरवरी में 6.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 4.6 फीसदी की वृद्धि हुई थी। इसी तरह मध्यवर्ती वस्तुओं के उत्पादन में 0.3 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 4.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। इसके अलावा बीते वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) के दौरान औद्योगिक उत्पादन 5.5 फीसदी रहा है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 12.5 फीसदी था।



## दुनिया के अन्य देशों के लोगों के बेहतर भविष्य में भी योगदान दे रहा भारत:गोयल

**रोम/नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत विकासशील और कम विकसित देशों की आवाज होने के नाते, न केवल अपने लोगों के लिए बेहतर जीवन प्रदान करने में सबसे आगे रहा है, बल्कि दुनिया के अन्य देश के लोगों के बेहतर भविष्य में भी योगदान दे रहा है।

पीयूष गोयल ने गुरुवार को रोम में भारतीय और इटालियन व्यापार जगत के नेताओं के साथ गाला डिनर में भाग लेने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने अनुपालन को आसान बनाने, नियमों की संख्या को कम करने, कागजी कार्यों को कम करने के लिए व्यवसाय प्रक्रियाओं में बदलाव किया है, जो प्रत्येक व्यवसाय में पहले करना पड़ता था।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हम सरकार को और अधिक ईमानदार बनाने, भारत में व्यापार को आसान बनाने और आम आदमी के जीवन को सुगम और बेहतर करने के लिए हर स्तर पर डिजिटल तकनीक के साथ जुड़े हैं। गोयल ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत सरकार ने उन आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जोकिसी व्यक्ति या परिवार के लिए आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि हम सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी परिवार कभी भी भोजन, वस्त्र, आश्रय, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से वंचित ना रहे।



# खुदरा महंगाई दर मार्च महीने में घटकर 5.66 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे महीने खुदरा महंगाई दर में गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर मार्च में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 5.66 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने फरवरी में खुदरा महंगाई दर 6.44 फीसदी रही थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि खाने-पीने के सामान की कीमतों में गिरावट से खुदरा महंगाई घटी है। सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर मार्च महीने में घटकर 5.66 फीसदी रही है, जबकि बीते वर्ष मार्च, 2022 में खुदरा महंगाई दर 6.95 फीसदी रही थी।

आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर घटकर 4.79 फीसदी पर आ गया है, जो फरवरी महीने में 5.95 फीसदी रही थी। मार्च में अनाज और उससे जुड़े उत्पादों की महंगाई दर 15.27 फीसदी रही है। हालांकि, दूध और डेयरी उत्पादों की महंगाई दर में फरवरी के मुकाबले मामूली कमी आई है। दूध की महंगाई दर घटकर 9.31 फीसदी पर आ गई है, जो फरवरी में 9.65 फीसदी रही थी।इसके अलावा मार्च महीने में मसालों की महंगाई दर 18.21 फीसदी, दाल की महंगाई दर 4.33 फीसदी और फलों की महंगाई दर 7.55 फीसदी रही है।

आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान सब्जियों की महंगाई दर -8.51 फीसदी, मीट और मछली की महंगाई दर -1.42 फीसदी, ऑयल और फैट्स की महंगाई दर -7.86 फीसदी रही है।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इसी महीने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद वित्त वर्ष 2023-24 में महंगाई दर 5.20 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।





भारतीय संविधान के शिल्प

# डॉ. बी.आर. अम्बेडकर जी

एवं

# वैसाखी

की देशवासियों को

# हार्दिक शुभकामना

**14 अप्रैल, 2023**



साहब ने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्गों के को आशा दी। हमारे संविधान के निर्माण के प्रयासों के म उनके सदा आभारी रहेंगे। सभी देशवासियों को म्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं। जय भीम!"

**- नरेन्द्र मोदी**

## ा सरकार बाबासाहेब के आदर्शों पर चलकर अनुसूचित जाति के लोगों को दे रही सु

- **गुन योजना** के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले विमुक्त जाति/टपरीवास जाति की लड़कियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता
- **कर आवास नवीनीकरण योजना** के तहत मकान की मरम्मत के का प्रावधान
- **वी छात्र संशोधित योजना** के तहत पारिवारिक आय सीमा
- सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों के लिए भूमि मूल्य में **20 प्रतिशत तक छू**
- विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने पर पीड़ित परिवार को **8.25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता**
- अदालती मुकदमों की पैरवी के लिए **22,000 रुपये की कानून**
- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 2500 रुपये से **13,** शैक्षणिक भत्ता